हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शनिवार, 14 जून 2025

9 दिन भर तेज धूप ने किया परेशान



10 अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां जोरों पर



# झज्जर में हालात बिगड़े, कूड़ा उठवाने पहुंचे नप सचिव को सफाई कर्मचारियों ने रोका

■ सफाई न होने से लोग बेहाल ■ डंपिंग प्वाइंट पर बीस मीटर दूरी तक फैला कूड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

पिछले दो माह के वेतन की मांग को लेकर हड़ताल पर चल रहे डोर-टू-डोर कूड़ा उठान के कर्मचारियों की हड़ताल तीसरे दिन भी जारी रही। हड़ताल के चलते शहर में बनाए गए विभिन्न डंपिंग प्वाइंटों पर गिराया गया कूड़ा करीब बीस मीटर तक फैल गया है जिसस लोगों को परेशानी आ रही है। ऐसे में वीरवार की रात करीब ग्यारह बजे नगर परिषद सचिव कुछ सफाई कर्मियों के साथ ट्रैक्टर-ट्राली के साथ बीकानेर चौक पर पहुंचे और कूड़ा उठान कराने लगे। जब हड़ताली कर्मचारियों को भनक लगी तो वे आनन-फानन में एकत्रित हुए और अधिकारियों व कर्मचारियों को रोका। हालांकि तब तक करीब एक ट्राली कूड़ा उठाया भी जा चुका था। लेकिन बाद में कर्मचारियों ने कूड़ा उठान कार्य रूकवा दिया और शहर के दूसरे क्षेत्रों में भी कूड़े के ढेरों के पास कर्मचारी तैनात हो गए।

■ वीरवार रात करीब 11 बजे ट्रैक्टर लेकर कूड़ा उठवाने पहुंचे थे नप सचिव

■ मौके पर पहुंचे सफाई कर्मी बोले, जब तक वेतन नहीं मिलेगा कूड़ा नहीं उठाने देंगे

कर्मचारियों का कहना रहा कि जब तक उनका वेतन नहीं दिया जाता है तब कूड़ा नहीं होगा। डोर-टू-डोर कूड़ा उठान कार्य में लगे कर्मचारी रोहित बिड़लान, मुकेश चंदा, धर्म कांगड़ा, शिव कुमार, राजेंद्र काटीवाल, राजकुमार, रवि चंदा, जोगेंद्र, सतीश, अमन, सागर, अमित, विक्की, सन्नी, राजेश आदि ने कहा कि उनका वेतन दिलाए बगैर अधिकारियों द्वारा रात को इस प्रकार कूड़ा उठान करवाना अशोभनीय है। अधिकारियों को चाहिए कि वे ठेकेदार से बाचतीत कराकर उनका वेतन दिलाए ताकि वे न केवल अपना कार्य सुचारू रूप से करते रहें बल्कि उनके परिवार का भी गुजारा चलता रहे।



सीताराम गेट पर ये हाल


माता गेट पर ये नजारा

## बीकानेर चौक, अंबेडकर चौक, दिल्ली गेट, पुराना बर्फखाना रोड पर लगे कूड़े ढेर

शहर में नहीं हो रहा पिछले दिनों से कूड़ा उठान : बता दें कि पिछले दिनों की हड़ताल के कारण शहर में कूड़ा उठान नहीं हो पा रहा। शहर के बीकानेर चौक, अंबेडकर चौक, दिल्ली गेट, पुराना बर्फखाना रोड, सीताराम गेट, माता गेट आदि स्थानों पर कूड़े के ढेर लगे हैं। सड़क किनारे लगे इस कूड़े के ढेर में पशु खाने की तलाश में मुंह मारते रहते हैं। जिस कारण कूड़ा सड़क किनारे दूर तक फैल गया है। इस फैले हुए कूड़े से दिन भर दुर्गंध उठती रहती है। ऐसे में राहगीरों का निकलना मुश्किल हो गया।

## दस तारीख को वेतन नहीं मिला तो हड़ताल पर गए कर्मचारी, ठेकेदार बोलो- चेक पास नहीं हुआ



कूड़ा उठान कार्य में लगे कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें पिछले दो माह से वेतन नहीं मिल रहा। पिछले माह ठेकेदार ने आकर आश्वासन दिया था कि दस तारीख को सभी कर्मचारियों के खाते में उनका वेतन डाल दिया जाएगा। इसके बावजूद भी उनका वेतन नहीं मिला। जब उन्होंने ठेकेदार से बात की तो उसने कहा कि उसके चेक पास नहीं हुए है। ऐसे में सभी कर्मचारियों ने ग्यारह जून को हड़ताल करने का निर्णय लिया है। जब तक उन्हें वेतन नहीं दिया जाएगा तब तक वे हड़ताल जारी रखेंगे।

# बहादुरगढ़ में 11 दिन की हड़ताल के बाद देर शाम शुरू हुई सफाई


बहादुरगढ़। शहर के दिल्ली-रोहतक रोड पर लगे कूड़े के ढेर।

**बहादुरगढ़।** ठेकेदार द्वारा तीन महीने से वेतन नहीं देने से खफा सफाईकर्मियों की हड़ताल 11 दिनों के बाद शुक्रवार शाम को समाप्त हुई। यह समस्या कई महीने से चल रही थी। कर्मचारी नेताओं की मांग है कि ठेके को निरस्त करते हुए 297 सफाईकर्मियों को एचकेआरएन के माध्यम से नियुक्ति देकर शहर की सफाई को सुचारू बनाए रखा जाए। हालांकि यह कोई समझ नहीं पा रहा कि 2 साल पहले घोषणा होने के बावजूद ठेके खत्म करने इन सफाईकर्मियों को निकाय के माध्यम से सेवा पर क्यों नहीं रखा जा रहा?

बता दें कि पिछली 11 दिनों से चल रही हड़ताल के कारण बहादुरगढ़ के हर कोने में गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। सभी प्रमुख सड़क कूड़ाघर में तब्दील हो चुकी हैं। यह हड़ताल पहली बार नहीं हुई। बीते 6 महीने में 4 बार हड़ताल होने के बावजूद सरकार ने इसका स्थाई समाधान करना जरूरी नहीं समझा। ठेके को रद करने की बजाय पूरा तंत्र एजेंसी का रुका हुआ भुगतान करने की पैरवी करता रहा। जनता के चुने हुए कनिष्ठ व वरिष्ठ प्रतिनिधि भी ठेकेदार पर कार्रवाई की बजाय सफाईकर्मियों के वेतन पर राजनीति करते रहे। गंदगी का ढेर बन चुके पूरे शहर में लोग जबरदस्त आक्रोश में हैं। बीते 11 दिनों में छुटभैये नेताओं से लेकर चेयरपर्सन, भाजपा पदाधिकारी और विधायक भी इस मामले को सीएम दरबार में उठा चुके थे। बहरहाल, फिलवक्त समस्या का समाधान हो गया प्रतीत होता है। लेकिन इसका स्थाई समाधान नियमों का ताक पर रखकर दिए गए ठेके को निरस्त कर सफाईकर्मियों को अनुबंध के आधार पर निकाय में सेवा देने से ही संभव है।

### ये बोले कर्मचारी नेता

शुक्रवार को वेतन संबंधी समस्या का समाधान होने पर नगर परिषद कार्यालय पर धरना दे रहे कर्मचारियों ने हड़ताल खत्म करने का ऐलान किया। जिला प्रधान राजेंद्र तूषामड़, राज्य संगठनकर्ता राजपाल और इकाई प्रधान राजेश बालगुहेर ने कहा कि सरकार को ठेका निरस्त कर सभी 297 सफाईकर्मियों को एचकेआरएन के माध्यम से नियुक्ति देकर शहर की सफाई का स्थाई हल निकालना चाहिए। शाम 5 बजे हड़ताल खत्म हुई और इसके करीब एक घंटे बाद कूड़े के ढेर उठाने का काम शुरू कर दिया गया। उम्मीद है कि एक-दो दिन में शहर की सड़कों से कूड़े को हटा दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### 22 को होगा बालाजी महाराज का गुणगान

**बहादुरगढ़।** श्री बालाजी सेवा मंडल द्वारा श्री बालाजी महाराज का 22वां गुणगान महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। मंडल अध्यक्ष आनंद अग्रवाल ने बताया कि शनिवार 14 जून को नजफगढ़ रोड स्थित राधा कृष्णा गार्डन में सायं सवा 5 बजे से प्रभु इच्छा तक कार्यक्रम होगा। श्री राम संकीर्तन परिवार द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ किया जाएगा। रेशमी शर्मा व कुंजबिहारी दास श्री बालाजी महाराज की महिमा का गुणगान करेंगे। मंच का संचालन बीडी सिंधी करेंगे।

### बड़े ने छोटे भाई पर केस दर्ज करवाया




**बहादुरगढ़।** आसौदा थाना क्षेत्र के अधीन लगते एक गांव में मां, बेटा के साथ मारपीट करने व धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक ने अपने ही छोटे भाई पर ये आरोप लगाए हैं। शिकायत के आधार पर आसौदा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता नीरज का कहना है कि उसका छोटा भाई शराब का आदी है। वह हम से अलग रहता है। अक्सर हमारे साथ झगड़ा करता है। गत 9 जून को उसने मेरे साथ मारपीट की। पत्थर से मुझ पर हमला किया, जिसमें मुझे काफी चोट आई। इतना ही नहीं, उसने मां के साथ भी मारपीट की। इसके बाद जान से मारने की धमकी देकर चला गया। पुलिस ने शिकायत की जांच शुरू कर दी है। जांच अधिकारी ने बताया कि जल्द मामले का खुलासा करेंगे।

### रेलवे ट्रैक पर मिला बुजुर्ग का शव

**बहादुरगढ़** ।बहादुरगढ़। दिल्ली-रोहतक रेलवे ट्रैक पर नाहरा, नाहरी फ्लाईओवर के नीचे एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव मिला है। पुलिस ने शव के पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू करा दी है। मृतक की पहचान करीब 75 वर्षीय धर्मपाल के रूप में हुई है। हरिनगर का रहने वाला था। शुक्रवार सुबह की यह घटना है। दरअसल, सुबह के वक्त रेलवे ट्रैक पर बुजुर्ग का शव देखा गया था। सूचना पाकर जीआरपी थाने से टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। आसपास लोगों से पूछताछ की तो शिनाख्त हो गई। इसके बाद शव को नागरिक अस्पताल में रखवा कर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई गई। बुजुर्ग काफी समय से परेशान चल रहा था। आत्महत्या करने की चर्चा है। उसकी मौत हादसे में गई या उसने जान दी, यह जांच का विषय है। पुलिस ने फिलहाल घटना को संयोग मानकर कार्रवाई की है।

### यूपी से हथियार लाए युवक सहित दो काबू

**बहादुरगढ़।** पुलिस की अपराध जांच शाखा प्रथम ने अवैध हथियार के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से बरामद हथियार यूपी से लाया गया है। मुख्य आरोपी तक पहुंचने के लिए पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ करेगी। दरअसल, सीआईए को सूचना मिली थी कि कानोंदा का एक युवक अवैध हथियार लेकर बराही रोड पर एक वाटिका के पास खड़ा है। इस पर एचसी सोनू की टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को काबू किया। आरोपी के पास से अवैध पिस्तौल व कारतूस बरामद हुआ। उसे हिरासत में ले लिया गया। आरोपी की पहचान कानोंदा के निवासी रौनक के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस ने उससे हथियार के बारे में पूछताछ की तो सामने आया कि उसने यह हथियार अपने गांव के निवासी सुरेंद्र से खरीदा है। इसके बाद उसकी निशानदेही पर सुरेंद्र को काबू किया गया। अभी तक सामने आया है कि सुरेंद्र यह हथियार यूपी से लाया था।

# खोरड़ा में टावर से 24 बैट्रियां चोरी, केस दर्ज



**झज्जर ।** क्षेत्र के गांव खोरड़ा स्थित एक मोबाइल कंपनी के टॉवर के केबिन का ताला तोड़ कर चोरों द्वारा बैट्री चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस को दी शिकायत में महेंद्रगढ़ जिले के स्याना गांव निवासी नरेंद्र कुमार ने बताया कि वह टॉवरों की सिक्योरिटी करने वाली एक निजी कंपनी में टेक्निशियन के तौर पर कार्यरत है। उनकी कंपनी का एक टॉवर खोरड़ा गांव में भी लगा हुआ है। जब दस-बारह दिन पहले उन्होंने टॉवर का निरीक्षण किया था तो सबकुछ ठीक था।

वीरवार को जब वह फिर से टॉवर का निरीक्षण करने पहुंचा तो उसने देखा कि टॉवर के केबिन का ताला टूटा हुआ है। जब उसने चेक किया तो पता चला कि वहां रखी 24 बैट्रियां चोरी हो गईं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करते हुए नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**बहादुरगढ़।** लाइनपार में एक कार व बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार व्यक्ति बुरी तरह से घायल हो गया। उसे पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। घायल के परिजनों की शिकायत पर इस संबंध में आरोपी गाड़ी चालक के खिलाफ लाइनपार थाने में केस दर्ज किया गया है। घायल की पहचान विकास नगर के निवासी अनिल कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, अनिल कुमार बाइक पर सवार होकर कहीं जा रहा था। जब नाहरा, नाहरी रोड पर शिवालिक अस्पताल के पास पहुंचा तो वहां एक वैगनआर गाड़ी के साथ टक्कर हो गई। हादसे में उन्हें काफी चोट आई। भीड़ हुई तो मौका पाकर कार चालक वहां से चंपत हो गया। राहगीरों ने घायल अनिल को संभाला और अस्पताल लेकर गए। जहां से उन्हें पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। सूचना पाकर लाइनपार थाने से पुलिस अस्पताल में गई लेकिन अनिल बयान देने की स्थिति में नहीं था। इसलिए उसके बेटे साहिल के बयान पर पुलिस ने वैगनआर गाड़ी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। गाड़ी का नंबर पुलिस को मिल गया है।

# डीसी ने मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान की तैयारियों को लेकर दिए दिशा-निर्देश



झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

चुनाव आयोग द्वारा करवाए जाने वाले मतदाता सूची के पुनरीक्षण अभियान को लेकर राज्य चुनाव आयुक्त पंकज अग्रवाल की अध्यक्षता में वीसी के माध्यम से आयोजित मीटिंग में डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल रविंद्र पाटिल शामिल हुए। वीसी उपरांत डीसी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि चुनाव आयोग द्वारा जल्द मतदाता सूची के पुनरीक्षण अभियान की शुरुआत की जाएगी इसे लेकर सभी सहायक निर्वाचन अधिकारियों को जरूरी तैयारी जल्द पूरी करें।

**बीएलओ को देंगे प्रशिक्षण :** उन्होंने बीएलओ की नियुक्ति आदि की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ को चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशानुसार ट्रेनिंग भी दी जाएगी।

### दो स्थानों पर चोरी की वारदात, केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** इलाके में चोरी के मामले नहीं थम रहे। अब दो और लोगों ने पुलिस को शिकायत दी है। गांव छारा में खेत तो शहर में रोहतक रोड से बाइक चोरी हुई है। संबंधित थानों की पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। छारा के निवासी जितेंद्र का कहना है कि उसने अपने खेत में सोलर प्लेट लगवा रखी है। शुक्रवार की सुबह जब खेत में गया तो सोलर प्लेट की लीड गायब मिली। अपने स्तर पर जांच की लेकिन कुछ पता नहीं चला। इस वजह से खेत में कामकाज प्रभावित हो गया है। इस शिकायत पर मांडोठी चौकी पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। वहीं ओमेक्स के निवासी चंदन का कहना है कि वह अमरता आरकेड मॉल में गया था। बाइक मॉल के बाहर खड़ी कर दी। कुछ देर बाद वापस आया तो बाइक नहीं मिली। कोई अज्ञात शख्स चुराकर ले गया। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## खपत बढ़ने के कारण ओवरलोड हो रहे ट्रांसफार्मर, बिजली के कट बढ़ने से चल रहे जनरेटर

# भीषण गर्मी में महंगी बिजली खर्च करना मजबूरी

■ घरेलू बिजली की दर 5 से 7 रुपये प्रति यूनिट

■ जनरेटर की बिजली का खर्च इससे दो गुना यानी करीब 12 रुपए प्रति यूनिट पड़ रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

ज्यों-ज्यों गर्मी बढ़ रही है, बिजली की खपत और मांग भी बढ़ गई है। ट्रांसफार्मरों के ओवरहीट होने से बचाने के लिए बिजली निगम कट लगा रहा है। इससे निजात पाने के लिए लोग विकल्प के तौर पर जनरेटरों का सहारा लेने लगे हैं। हालांकि इससे उत्पादित बिजली का खर्च दो से तीन गुना बढ़ जाता है। शहर में भीषण गर्मी के बीच ओवरलोड होते बिजलीघरों और ट्रांसफार्मरों से भी लोगों की दिक्कत बढ़ गई है। वीरवार रात और शुक्रवार सुबह भी नगर के विभिन्न इलाकों से बिजलीघरों में अलग-अलग शिकायतें पहुंचती रहीं। किसी के यहां ओवरलोड होकर ट्रांसफार्मर फुंक गया तो किसी के यहां बिजली के तारों में आग लग गई। इन फाल्ट को ठीक करने में बिजली कर्मचारियों की सुबह से लेकर रात तक भागदौड़ जारी रही। यही कारण है कि औद्योगिक क्षेत्र बहादुरगढ़ में बिजली किल्लत बढ़ रही है। बिजली के अभाव में उद्योग जगत जनरेटर के सहारे सांसे ले रहा है।


बहादुरगढ़। बिजली संकट के दौरान इस्तेमाल किए जा रहे जनरेटर।

### बिजली संकट
### अघोषित कटों ने बढ़ाई परेशानी

जानकारों के अनुसार आम तौर पर घरेलू बिजली की दर 5 से 7 रुपए प्रति यूनिट है। वहीं जनरेटर की बिजली का खर्च इससे दो गुना यानी करीब 12 रुपए प्रति यूनिट पड़ता है। जनरेटर उत्पादित बिजली महंगी पड़ने के बावजूद क्षेत्र में सैकड़ों लोग जनरेटर से बिजली आपूर्ति ले रहे हे। चूंकि इस समय शहर से लेकर देहात तक बिजलीघर से लेकर ट्रांसफार्मर ओवरलोड चल रहे हैं। इसके चलते फाल्ट बढ़ गए हैं। ऐसे में आए दिन ट्रांसफार्मर फुंकने से लेकर फ्यूज उड़ने के मामले सामने आ रहे हैं। जिस कारण अघोषित कट बढ़ गए हैं और जनरेटरों की गड़गड़ाहट बढ़ गई है।


# घर बुलाकर युवक के पांव में गोली मारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

लाइनपार क्षेत्र में एक युवक को गोली मारने का मामला सामने आया है। युवक रोहतक के एक अस्पताल में भर्ती है। उसके पांव में गोली लगी है। एक परिचित युवक पर ही पीड़ित ने गोली मारने का आरोप लगाया है। वजह अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार करने की बात कही जा रही है। वारदात वत्स कॉलोनी के निवासी कुणाल के साथ हुई है।

कुणाल का कहना है कि वह अपने भाई से एसी रिपेयरिंग का काम सीख रहा है। हाल ही में वह अपने दोस्त मनु के साथ तंबाकू लेने जा रहा था। रास्ते में हमें हमारा परिचित गौरव मिल गया। वह हमें अपने घर ले गया। वहां उसके घर पर मेरी गौरव के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इस कहासुनी में उसने तैश में आकर पिस्तौल से फायरिंग कर दी। मेरे दाहिने पांव में गोली लगी। इसके बाद आरोपी गौरव भाग गया। मेरा साथी मनु मुझे अस्पताल में ले गया। फिलहाल रोहतक के एक अस्पताल में मेरा ईलाज चल रहा है। उधर, सूचना पाकर पुलिस अस्पताल में पहुंची और घायल के बयान लिए। बयान के आधार पर आरोपी गौरव के खिलाफ जान से मारने की नीयत से गोली चलाने सहित अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। अभी गोली मारने की असल वजह सामने नहीं आ सकी है। लाइनपार थाना पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर मामले को सुलझाया जाएगा।

# छात्र बिना निवेश के पढ़ाई के साथ-साथ कमा सकते हैं पैसा



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

आज के समय में हर कोई यही चाहता है कि उसके पास एक्स्ट्रा इनकम हो। स्टूडेंट लाइफ में बिना निवेश के भी पैसे कमाए जा सकते हैं। बहुत सारे स्टूडेंट ऐसे होते हैं जो अपने पेरेंटस के ऊपर निर्भर नहीं रहना चाहते हैं। वह सोचते हैं कि 12वीं की पढ़ाई के बाद अपने खर्च खुद उठाएं। इसके लिए वह ऑनलाइन पैसे कमाने के तरीके ढूंढते हैं। अगर आप भी उन स्टूडेंट में से एक है तो आज हम आपके लिए कुछ ऐसे ही ऑनलाइन बिजनेस तरीके लेकर आए हैं जिसके जरिए आप घर बैठे ही पैसे कमा सकते हैं। वह भी बिना निवेश किये। ऐसे कई तरीके है जिससे आसानी से पैसा कमाया जा सकता है।

## ट्यूशन क्लासेज

आज के समय में बहुत सारे स्टूडेंट ऐसे होते हैं जो ऑनलाइन ट्यूशन भी लेते हैं। ऐसे में अगर आप घर बैठे चाहे तो ट्यूशन क्लासेस शुरू कर सकते हैं या फिर ऑफलाइन भी ट्यूशन क्लासेस शुरू कर सकते हैं। उसमें आपको केवल दो से तीन घंटे इन्वेस्ट करने होंगे और आप बच्चों को ट्यूशन पढ़ा सकते हैं। अगर आप छोटे बच्चों को ट्यूशन पढ़ाते हैं तो आपको अच्छे पैसे भी मिल जाते हैं। ट्यूशन शुरू करने के बहुत सारे फायदे भी होते हैं जैसे कि आपकी खुद की पढ़ाई भी होती रहती है। अगर आप बच्चों को पढ़ाते हैं तो आपको भी कुछ नया सीखने को मिल जाता है और आपके ज्ञान में बढ़ोतरी होती है।



### शेयर मार्केट में निवेश

अगर आप टेक्निकल एनालिसिस और फंडामेंटल एनालिसिस कोर्स की तैयारी कर रहे हैं तो यह आपको शेयर मार्केट में इन्वेस्ट करने में काफी अच्छी मदद कर सकता है। वैसे तो स्टूडेंट के पास लिमिटेड पॉकेट मनी होती है इसमें आप कुछ पैसे इन्वेस्ट कर सकते हैं। अगर आप शुरू शुरू में अच्छी तरह से इन्वेस्ट करना सीख जाते हैं और आपको प्रॉफिट होने लगता है तो आप बड़े शेयर भी खरीद सकते हैं और बड़ा मुनाफा पा सकते हैं।

## ऑनलाइन ट्यूटर

अगर आपके पास खुद की काबिलियत है जैसे की फोटो एडिटिंग, वीडियो एडिटिंग, सिंगिंग, फोटोग्राफी किसी भी चीज का शौक रखते हैं और उसमें काफी अच्छी कला है तो लोगों को सिखा सकते हैं। तो उसे ऑनलाइन ट्यूटर के द्वारा अन्य लोगों को भी सिखाया जा सकता है। इससे आप ऑनलाइन पैसे कमा सकते हैं।

### फ्रीलांसिंग

जब अपनी स्किल से कोई काम करते हैं तो उसे फ्रीलांसिंग कहा जाता है इसके बदले आपको पैसे भी मिलते हैं। फ्रीलांसिंग का मतलब यही होता है कि अपनी स्किल को बेचना और पैसे कमाना। अगर आपके पास कोई भी अच्छी स्किल या काबिलियत है तो आप उसे फ्रीलांसिंग करके बहुत सारे पैसे कमा सकते हैं। इसका मतलब होता है फोटो एडिटिंग, वीडियो एडिटिंग, घोस्ट राइटिंग, डाटा एंट्री, कंटेंट राइटिंग, लोगो मेकर इत्यादि काम करके आप पैसे कमा सकते हैं।

### टेलीग्राम एप से कमाए पैसे

आज के समय में बहुत सारी एप ऐसी है जिनके जरिए आप ऑनलाइन पैसे कमा सकते हैं। टेलीग्राम एप एक शेयरिंग एप है। जहां पर हजारों लोगों का ग्रुप बना सकते हैं और उसे ग्रुप में आप टैक्स वीडियो मूवी लिंक ऑडियो डॉक्यूमेंट कुछ भी शेयर कर सकते हैं। इस शेयर करने के जरिए आप बहुत सारे पैसे कमा सकते हैं। अगर आप टेलीग्राम पर हजारों लोगों को एक बार ग्रुप में ऐड कर लेते हैं और उन्हें कुछ ना कुछ शेयर करते हैं तो इसके जरिए पैसे कमाए जा सकते हैं।

## इन तरीकों से कमाए जा सकते हैं पैसे

### एफिलिएट मार्केटिंग

ऑनलाइन पैसे कमाने के लिए एफिलिएट मार्केटिंग बहुत ही बड़ा प्लेटफार्म है। एफिलिएट मार्केटिंग में आपको केवल किसी कंपनी या प्रोडक्ट या सेवा को आगे प्रमोट करना होता है या सेल करके कमीशन पाना होता है। इसके लिए मार्केटिंग बिल्कुल फ्री में शुरू की जा सकती है और बहुत ही जल्द पैसे कमाए जा सकते हैं। एफिलिएट मार्केटिंग के लिए आपके पास लोगों का ग्रुप होना चाहिए जिन्हें आप प्रोडक्ट शेयर कर सकते हैं। इसके लिए सोशल मीडिया का भी उपयोग किया जा सकता है। इसी के साथ आप एप ब्लॉग या ऑनलाइन विज्ञापन के द्वारा भी अपने प्रोडक्ट को सेल कर सकते हैं।

### ब्लॉगिंग करके पैसे कमाए

आज के समय में बहुत सारे स्टूडेंट ऐसे हैं जो ब्लॉगिंग करके पैसे कमा रहे हैं। ब्लॉगिंग का मतलब होता है ब्लॉग लिखना। ब्लॉग मतलब आर्टिकल जिन्हें आप ऑनलाइन अपलोड कर सकते हैं। ब्लॉग को आप वेबसाइट भी समझ सकते हैं। जहां से हम सभी प्रकार की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अगर आप भी ब्लॉग लिखना शुरू करना चाहते हैं तो इसके लिए सोशल मीडिया पर आजकल बहुत सारे ग्रुप मिल जाते हैं आप वहां से क्लाइंट ढूंढ सकते हैं और ब्लॉगिंग शुरू कर सकते हैं या अधिक जानकारी आप यूट्यूब से भी ले सकते हैं।

### यूट्यूब से पैसे कमाए

आज के समय में ऑनलाइन पैसे कमाने के लिए यूट्यूब सबसे बड़ा प्लेटफार्म है। अगर आप भी सोच रहे हैं कि आप स्टूडेंट और पैसे कैसे कमाए तो यह आपके लिए बेस्ट ऑप्शन है। इसमें आप यूट्यूब चैनल शुरू करके अपनी स्किल और जानकारी के आधार पर वीडियो अपलोड कर सकते हैं। यूट्यूब से बहुत सारे पैसे कमाए जा सकते हैं लेकिन इसके लिए आपको 1000 सब्सक्राइबर 4000 घंटे का वॉच टाइम भी चाहिए होता है।

### रेफर एंड अर्न

आप रेफर एंड अर्न प्रोग्राम के जरिए अच्छे खासे पैसे कमा सकते हैं। आजकल बहुत सारी एप भी ऐसी आती है जिनके जरिए आप अपने दोस्तों को रेफर करके पैसे कमा सकते हैं।

### अमेजॉन

स्टूडेंट के लिए अमेजॉन प्लेटफार्म एक बेस्ट ऑप्शन है। यहां पर आप बहुत सारे तरीके से पैसे कमा सकते हैं जैसे कि अमेजॉन ऐप को रेफर करके बहुत सारे कैशबैक कमाए जा सकते हैं।

---

भारत और दुनिया में पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र में लगातार हो रही बढ़ोतरी

# होटल मैनेजमेंट में बनाएं करियर, अच्छी सैलरी और बेहतर लाइफ की गारंटी

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

हमारे देश का पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र लगातार बढ़ रहा है और इसके साथ ही होटल उद्योग के विकास में मांग भी बढ़ रही है। भारत एक लोकप्रिय ट्रेवल डेस्टिनेशन है और इस तरह होटल प्रबंधन का दायरा पहले की तुलना में छात्रों के लिए अधिक स्पष्ट और अधिक फायदेमंद हो गया है। जब स्कूल की पढ़ाई पूरी करने के बाद साधारण स्नातक (गेजुएशन) करने की बात आती है तो होटल मैनेजमेंट छात्रों की शीर्ष प्राथमिकताओं में से एक है। जैसे-जैसे होटल उद्योग लगातार बढ़ रहा है, वैसे-वैसे होटल प्रबंधन पेशेवरों की भी आवश्यकता बढ़ रही है। भारत में हर साल पर्यटन बढ़ने के साथ, पेशेवरों की मांग बढ़ना तय है, जिससे इस कोर्स को करने वाले छात्रों को प्रसिद्ध कंपनियों में प्लेसमेंट का एक बड़ा मौका मिलेगा।

## कंपनियों में प्लेसमेंट का अच्छा मौका



### क्या है होटल मैनेजमेंट

हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री में जाने का इच्छुक व्यक्ति होटल मैनेजमेंट को स्नातक डिग्री के रूप में चुन सकता है। इस फील्ड में ग्लैमर और लग्जरी के कारण, हर साल अधिक से अधिक छात्र इस नौकरी की ओर आकर्षित होते हैं।

### क्या है होटल प्रबंधन पाठ्यक्रम

होटल प्रबंधन पाठ्यक्रम आपको होटल या हॉस्पिटैलिटी सर्विस के विभिन्न पहलुओं जैसे सेल्स एंड मार्केटिंग, फूड एंड बेवरेज, फ्रंट ऑफिस, अकाउंटिंग, फूड प्रोडक्शन, हाउसकीपिंग और कई किचन स्किल को कवर करने में मदद करेगा। भारत में कई सरकारी और निजी कॉलेज होटल मैनेजमेंट में डिग्री और डिप्लोमा कोर्स कराते हैं, जो बहुत सारे छात्रों के लिए एक आकर्षक और रोमांचक पाठ्यक्रम बन गया है।

### टॉप यूनिवर्सिटीज

- इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, कैटरिंग एंड न्यूट्रिशंस, पूसा
- आईएचएम मुंबई
- वेलकमग्रुप ग्रेजुएट स्कूल ऑफ होटल एडमिनिस्ट्रेशन, मणिपाल
- आईएचएम हैदराबाद
- एआईएचएमसीटी, बेंगलुरु
- बनारसीदास चांदीवाला इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी, दिल्ली
- दिल्ली इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी, नई दिल्ली

### करियर की संभावनाएं

*हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री में संचालन, फूड एंड बेवरेज, फ्रंट ऑफिस, अकाउंटिंग, सिक्युरिटी आदि जैसे कई विभाग हैं, इसलिए आप अपना पसंदीदा विभाग चुन सकते हैं और विभिन्न नौकरियों के लिए आवेदन कर सकते हैं। होटल मैनेजमेंट में संभावनाएं -*

- होटल्स एंड टूरिज्म एसोसिएशन
- क्लब / रेस्टोरेंट मैनेजमेंट
- क्रूज शिप होटल मैनेजमेंट
- एयरलाइन कैटरिंग एंड केबिन सर्विस
- होटल्स में किचन मैनेजमेंट
- होटल, रिजॉर्ट्स में फ्रंट ऑफिस मैनेजमेंट
- इंडियन नेवी में हॉस्पिटैलिटी सर्विस

### शैक्षणिक योग्यता

होटल मैनेजमेंट के डिग्री या डिप्लोमा कोर्स को चुनने के लिए आवश्यक न्यूनतम योग्यता किसी भी मान्यता प्राप्त स्कूल या संस्थान से कक्षा 10+2 उत्तीर्ण है। होटल प्रबंधन के किसी भी विशिष्ट क्षेत्र में विशेषज्ञता के लिए आप 12 वीं कक्षा पास करने के बाद सर्टिफिकेट कोर्स कर सकते हैं। स्नातकोत्तर का चयन करने के लिए, आपको किसी भी मान्यता प्राप्त होटल प्रबंधन विश्वविद्यालय से स्नातक होना जरूरी है। होटल प्रबंधन पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन करने वाले व्यक्ति में विवादों और आलोचनाओं को धैर्य से संभालने की क्षमता होनी जरूरी है। उम्मीदवार को अतिथि के प्रति हर स्थिति में विनम्र और सहयोगी होना जरूरी है।

### ऐसे करें आवेदन

आप होटल प्रबंधन कॉलेज के लिए किसी खास कॉलेज के आवेदन पत्र को भरकर या उसके लिए राष्ट्रीय / राज्य स्तर की प्रवेश परीक्षा देकर आवेदन कर सकते हैं। कई विश्वविद्यालय होटल प्रबंधन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अपनी स्वयं की प्रवेश परीक्षा आयोजित करते हैं।

#### प्रवेश परीक्षाएं

- नेशनल लेवल एंट्रेंस-
- एनसीएचएम जेईई
- एआईएमए यूजीएटी

**सैलरी :** स्नातक स्तर की पढ़ाई के बाद नौकरी का विकल्प चुनने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए ट्रेनिंग के दौरान प्रारंभिक वेतन 10,000- 13,000 रुपए के बीच होता है। इसके बाद आपके प्रदर्शन के अनुसार वेतन में वृद्धि होना तय है।

#### स्टेट लेवल एंट्रेंस

- यूपीएसईई बीएचएमसीटी (उत्तर प्रदेश)
- एमएएच सीईटी एचएम (महाराष्ट्र)
- डब्ल्यूबीजेईई एचएम (पश्चिम बंगाल)
- यूनिवर्सिटी लेवल एंट्रेंस
- पीयूटीएचएटी (पंजाब विश्वविद्यालय)
- सीयूईटी (क्राइस्ट यूनिवर्सिटी)
- आईपीयू सीईटी (गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय)

## होटल मैनेजमेंट में शेफ की नौकरी एक शानदार विकल्प



10+2 करने के बाद हर स्टूडेंट एक ऐसा कोर्स प्रोफेशनल कोर्स करना चाहता है, जो उसे अच्छी सैलरी वाली नौकरी जल्द से जल्द दिला दे। होटल व रेस्टोरेंट में शेफ की नौकरी एक अच्छा विकल्प हो सकती है। आजकल हमें कही भी जाना हो तो हम रहने के लिए सबसे पहले होटल ढूढते है होटलो के बढते कारोबर ने इसमें रोजगार के कई अवसर खोल दिये है। यदि आप नई नई रेसिपी बनाने में दिलचस्पी रखते हैं। तो आपके लिये शेफ बनना फायदेमंद सौदा हो सकता है। पिछले कुछ सालों से लगातार होटलों और रेस्टोरेंट की सख्या बढ़ी है। बड़े शहरों के बाद अब छोटे शहरों में भी रेस्टोरेंट खुले हैं जिससे इस इंडस्ट्री में हुनरमंद प्रोफेशनल्स की मांग भी बढ़ी है। किसी भी बड़े होटल में एक शेफ का रूतवा किसी बड़े अधिकारी से कम नही होता है. उसके अंडर में एक पूरी टीम काम करती है जो खाना बनाने के अलग-अलग डिपार्टमेंट संभालती है अगर आप भी उन लोगों में से है जो किचन में मजबूरी नही शौक से जाते है तो आपका इस फील्ड में स्वागत है । कोई भी व्यक्ति होटल में शेफ बन कर अच्छी सैलरी वाली नौकरी आसानी से हासिल कर सकता है।

### होटल में शेफ कैसे बने

यदि आप होटल इंडस्ट्री में शेफ बनना चाहते हैं, तो आपको शेफ कैसे बने की पूरी जानकारी होनी बहुत जरूरी हैं शेफ बनने के लिये आपको होस्पिटेलिटी मैनेजमेंट कोर्स करना जरूरी होता है। शेफ बनना भी होटल मैनेजमेंट का ही एक हिस्सा है। इस फिल्ड में आने के लिए होटल मैनेजमेंट का कोर्स होता है जो 12वीं के बाद किया जा सकता हैं। इस फिल्ड में कई कोर्स उपलब्ध है जैसे डिग्री, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स. इनमें से कोई भी कोर्स आप अपने एजुकेशन के हिसाब से चुन सकते है। होटल मैनेजमेंट के कोर्स के दौरान स्टूडेंटस कई सारी चीजें करना सीखते हैं। शेफ, फ्रंट ऑफिस मैनेजमेंट, बार टेंडर हाउसकीपिंग आदि चीजें भी इस कोर्स के अंतर्गत सिखाई जाती हैं।

### जरूरी योग्यताएं

शेफ बनने के लिये इच्छुक लोगों का क्रियेटिव होना बहुत जरूरी है। विदेशी कुजिन्स की जानकारी होना बहुत जरूरी है। कम से कम सामग्री से ज्यादा से ज्यादा रेसिपी बनाने में महारत हासिल हो। खाना बनाना और भोजन परोसने की कला को अच्छी तरह समझने वाला व्यक्ति ही शेफ बन सकता है। शेफ कोर्स करने के लिये आपका शारीरिक रूप से फिट होना बेहद जरूरी है। क्योंकि एक शेफ को अपना अधिकतर काम खड़े होकर ही करना पड़ता है। शेफ को यह पता होना चाहिए कि पाचन प्रणाली किस प्रकार काम करती है। पाचन प्रणाली पर भोजन में इस्तेमाल होने वाले केमिकल्स की जानकारी होना जरूरी है। विदेशी भोजन के बारे में अच्छी जानकारी होना बहुत जरूरी है।

---

# दिल की सुनो: अपने पसंदीदा विषय को चुनें और उसी में बनाएं करियर



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

जीवन में करियर का चुनाव एक ऐसा निर्णय है जो न केवल आपके भविष्य को आकार देता है, बल्कि आपकी खुशी और संतुष्टि को भी प्रभावित करता है। अक्सर देखा जाता है कि छात्र समाज, परिवार या दोस्तों के दबाव में आकर ऐसे करियर विकल्प चुन लेते हैं जो उनके दिल के करीब नहीं होते। लेकिन सच्चाई यह है कि सबसे अच्छा करियर वही है जो आपको सुकून दे, जो आपके जुनून को जगाए और जिसमें काम करना आपको बोझ न लगे। इस लेख में, हम बात करेंगे कि क्यों आपको अपने पसंदीदा विषय को चुनना चाहिए और कुछ रोमांचक करियर विकल्पों के बारे में भी जानेंगे। हर इंसान में कुछ खास होता है, और हर छात्र का एक ऐसा विषय या क्षेत्र होता है जिसमें वह स्वाभाविक रूप से रुचि रखता है। हो सकता है आपको गणित के सूत्र हल करना पसंद हो, या फिर साहित्य की गहराइयों में डूबना आपको सुकून देता हो।

## जो काम पसंद हो, वह बोझ नहीं लगता

हो सकता है आप प्रकृति के रहस्यों को समझने के लिए उत्सुक हों या फिर कला और रचनात्मकता में खो जाना चाहते हों। यह आपका जुनून है, और यही वह चिंगारी है जो आपको एक सफल और खुशहाल करियर की ओर ले जा सकती है। जब आप वह चुनते हैं जो आपको सचमुच पसंद है, तो काम करना एक बोझ नहीं, बल्कि आनंद का स्रोत बन जाता है। आप अपने क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करते हैं, क्योंकि आप उसमें पूरी मेहनत और लगन से काम करते हैं। इसके विपरीत, अगर आप समाज या माता-पिता के दबाव में आकर डॉक्टर, इंजीनियर या कोई अन्य पारंपरिक करियर चुन लेते हैं, जिसमें आपकी रुचि नहीं है, तो आप लंबे समय तक खुश नहीं रह पाएंगे। भारतीय समाज में अक्सर कुछ करियर विकल्पों को ही "सुरक्षित" और "प्रतिष्ठित" माना जाता है। माता-पिता का यह डर स्वाभाविक है कि उनके बच्चे को एक स्थिर और सम्मानजनक भविष्य मिले। लेकिन यह समझना महत्वपूर्ण है कि आज के दौर में अवसरों की कमी नहीं है। तकनीक, कला, पर्यावरण, खेल, और कई अन्य क्षेत्रों में करियर की संभावनाएं पहले से कहीं ज्यादा हैं। अपने माता-पिता से खुलकर बात करें। उन्हें बताएं कि आपका जुनून क्या है और उसमें करियर बनाकर आप कैसे सफल हो सकते हैं। उदाहरण देकर उन्हें समझाएं कि आज के समय में हर क्षेत्र में अवसर हैं।

**विज्ञान :** अगर आपको जीव विज्ञान पसंद है, तो आप डॉक्टर, बायोटेक्नोलॉजिस्ट, पर्यावरण वैज्ञानिक, या वन्यजीव विशेषज्ञ बन सकते हैं। भौतिकी या रसायन विज्ञान में रुचि है? आप रिसर्च साइंटिस्ट, डेटा साइंटिस्ट, या स्पेस साइंटिस्ट के रूप में करियर बना सकते हैं। तकनीक में रुचि है? आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, या साइबर सिक्योरिटी जैसे क्षेत्र आपके लिए हैं।

**गणित :** गणित के शौकीनों के लिए डेटा एनालिस्ट, एक्ट्यूएरी (बीमा गणितज्ञ), क्रिप्टोग्राफर, या फाइनेंशियल एनालिस्ट जैसे करियर बेहतरीन विकल्प हैं। आप गणित शिक्षक बनकर अगली पीढ़ी को प्रेरित भी कर सकते हैं।

**साहित्य और भाषा:** अगर आपको कहानियां लिखना या पढ़ना पसंद है, तो आप लेखक, पत्रकार, कंटेंट क्रिएटर, या अनुवादक बन सकते हैं। साहित्य में रुचि आपको स्क्रिप्ट राइटर, कॉपीराइटर, या साहित्यिक समीक्षक जैसे रचनात्मक करियर की ओर ले जा सकती है।

### कला और रचनात्मकता

कला, संगीत, या डांस में रुचि है? आप ग्राफिक डिजाइनर, एनिमेटर, म्यूजिक कंपोजर, या कोरियोग्राफर बन सकते हैं। फैशन डिजाइन, इंटीरियर डिजाइन, या फोटोग्राफी जैसे क्षेत्र भी रचनात्मक दिमाग वालों के लिए बेहतरीन हैं।

**खेल और फिटनेस :** अगर खेल आपका जुनून है, तो आप प्रोफेशनल एथलीट, स्पोर्ट्स कोच, फिटनेस ट्रेनर, या स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट बन सकते हैं। ई-स्पोर्ट्स और गेमिंग भी आज के समय में एक उभरता हुआ करियर विकल्प है।

**सामाजिक विज्ञान :** इतिहास, भूगोल, या समाजशास्त्र में रुचि है? आप पुरातत्वविद, भूगोलवेत्ता, या सामाजिक कार्यकर्ता बन सकते हैं। मनोविज्ञान में रुचि है? आप काउंसलर, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट, या एचआर प्रोफेशनल के रूप में काम कर सकते हैं।

**तकनीक और नवाचार :** कोडिंग और तकनीक में रुचि है? सॉफ्टवेयर डेवलपर, गेम डेवलपर, या एथिकल हैकर बनने का सोचें। स्टार्टअप शुरू करके अपने आइडिया को हकीकत में बदल सकते हैं।

**खुशी ही असली सफलता है :** याद रखें, करियर का मतलब केवल पैसा कमाना नहीं है। असली सफलता तब मिलती है जब आप सुबह उठकर अपने काम के लिए उत्साहित हों। जब आप अपने पसंदीदा क्षेत्र में काम करते हैं, तो मेहनत करना आसान हो जाता है, और सफलता अपने आप आपके कदम चूमती है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** जीवन बीमा निगम की कौन सी पालिसी विशेषतः बच्चों के हितार्थ नही है।
(ए) जीवन किशोर
(बी) जीवन सुकन्या
(सी) जीवना छाया
(डी) जीवन सुरक्षा

**2.** बीमा वियामक एवं विकास प्राधिकरण का मुख्यालया कहाँ है।
(ए) नई दिल्ली में
(बी) हैदराबाद
(सी) अहमदाबाद
(डी) चेन्नई

**3.** आर.एन.मल्होत्रा समिति ने किस क्षेत्र से सम्बन्धित सुधारों के लिए रिपोर्ट प्रस्तुत की थी।
(ए) बीमार उद्योग
(बी) कर सुधार
(सी) बीमा क्षेत्र
(डी) बैंकिंग क्षेत्र

**4.** भारतीय स्टॉक बाजार का विनियमन और पर्यवेक्षण किसके द्वारा किया जाता है।
(ए) आरबीआई
(बी) यूटीआई
(सी) आईसीआईसीआई बैंक
(डी) सेबी

**5.** भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड की स्थापना कब की गई थी।
(ए) 1988में
(बी) 1992 में
(सी) 1993में
(डी) 2002 में

**6.** भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड को किस एक अध्यादेश द्वारा वैधानिक दर्जा प्रदान किया गया।
(ए) 1988ई0
(बी) 1990ई0
(सी) 1992ई0
(डी) 1993ई0

**7.** सेबी के कार्यों में सम्मिलित है
(ए) स्टॉक एक्सचेंज के कार्यों की विनियमित करना।
(बी) शेयर बाजार से सम्बन्धित अनुचित एवं धोखाधड़ी से परिपूर्ण व्यापारिक कार्यों पर रोक लगाना
(सी) प्रतिभूतियों के अन्तरंग व्यापार को नियंत्रित करना
(डी) उपर्युक्त में से सभी

उत्तर 1.(डी) 2.(बी) 3.(सी) 4.(डी) 5.(ए) 6.(सी) 7.(डी)

## बिजली के अघोषित कटों ने जीना मुहाल कर दिया

# दिन भर तेज धूप ने किया परेशान शाम में छाए बादलों से मिली राहत

■ तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

दिन प्रतिदिन गर्मी बढ़ रही है। जिसके कारण जन जीवन पूर्णतया प्रभावित हो रहा है और लोगों को अपने रोजमर्रा के कार्य निपटाने में भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शुक्रवार को भी दिनभर चिलचिलाती धूप के कारण लोग काफी परेशान दिखाई दिए। दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। दोपहर बाद तक तापमान 42 डिग्री के पार पहुंच गया। जबकि रियल फील इससे ज्यादा ही रहा। लेकिन दोपहर बाद एकाएक मौसम का मिजाज बदला। आसमान में बादल छा गए और ठंडी हवाएं चलने लगी। जिसके कारण आमजन को गर्मी से थोड़ी राहत मिली और तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। विशेषज्ञ आगामी दिनों में मौसम परिवर्तनशील रहने का अनुमान लगा रहे है।भीषण गर्मी के बीच दिन और रात लग रहे बिजली के अघोषित कटों ने जीना मुहाल कर दिया है। वीरवार देर रात शहर के सीताराम गेट, डायमंड चौक सहित कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण लोगों को खासी परेशानी हुई। वहीं बिजली निगम कर्मचारी रात भर बिजली आपूर्ति सुचारू करने में जुटे रहे।


झज्जर। गर्मी से बचने के लिए सिर पर कपड़ा ढांप कर जाते हुए युवा।


झज्जर। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए सीएमओ डॉक्टर जयमाला। फोटो :हरिभूमि

### गर्मी व लू से बचाव के लिए बनाएं ओआरएस कार्नर : सीएमओ

**झज्जर।** शुक्रवार को सीएमओ डॉक्टर जयमाला ने स्थानीय नागरिक अस्पताल का निरीक्षण करते हुए मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने हीट वेव की स्थिति से निटपने के लिए अधिकारियों को निर्देश कि वे अस्पताल परिसर में चार से पांच स्थानों पर ओआरएस कार्नर स्थापित करें ताकि आमजन को तत्काल राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि इस मौसम में गर्म लू से बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए स्टॉफ कर्मी पूरी तरह सतर्क और तैयार रहे। उन्होंने स्टॉफ सदस्यों को निर्देश दिए कि वे अस्पताल में आने वाले मरीजों व परिजनों के साथ अच्छा व्यवहार करें तथा सरकार द्वारा दी जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर भी आमजन को जागरुक करें। इस दौरान उप सिविल सर्जन डॉक्टर टीएस बागड़ी, डॉक्टर शैलेंद्र डोगरा, सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर अजय सिंगला, डॉक्टर गुरजीत सिद्धू, डॉक्टर संजय सचदेवा, नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर मीनू, डॉक्टर प्रविंद्र फोगाट, जिला किशोर स्वास्थ्य काउंसलर संदीप कुमार जांगड़ा, कृष्णा, सुदेश राठी, मंजू चाहर सहित अन्य भी उपस्थित रहे। गर्मी से बचने के लिए अधिक पानी पीएं : सीएमओ डॉक्टर जयमाला ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे गर्मी में सावधानी बरतते हुए ज्यादा से ज्यादा पानी पीएं। बाहर के खानपान से बचें। उल्टी, दस्त, गर्मी बढ़ने, जी घबराने पर ओआरएस का प्रयोग करें। इसके अलावा तेज धूप में अनावश्यक घर से बाहर न निकलें। यदि कोई परेशानी हो तो नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से तुरंत संपर्क करें।


झज्जर। शिविर के समापन पर प्रमाण पत्र दिखाते हुए शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

## एफएलएन प्रशिक्षण का दूसरा चरण संपन्न शिक्षकों को प्रदान किए प्रमाण-पत्र

**झज्जर।** जिले के ब्लॉक झज्जर, बहादुरगढ़ और बेरी में आयोजित पांच दिवसीय फाउंडेशनल लिटरेसी एवं न्यूमेरसी प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को संपन्न हो गया। इस प्रशिक्षण में जिले के साथ-साथ अन्य जिलों में कार्यरत 524 शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। झज्जर ब्लॉक में प्रशिक्षण का समापन जिला परियोजना समन्वयक रतिंद्र सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी रूपिंद्र नांदल, एपीसी धर्मेंद्र जून और ब्लॉक प्रशिक्षण समन्वयक प्रदीप कुमार की उपस्थिति में हुआ। बहादुरगढ़ में प्रमाणपत्रों का वितरण खंड शिक्षा अधिकारी शेर सिंह, जिला निपुण समन्वयक डॉक्टर सुदर्शन पूनिया और प्राचार्य ऋषि सहरावत द्वारा किया गया। बेरी ब्लॉक में खंड शिक्षा अधिकारी रमेश चौहान और खंड प्रशिक्षण समन्वयक सरिता अहलावत ने शिक्षकों को प्रमाणपत्र प्रदान किए। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्राथमिक स्तर पर हिंदी, गणित और अंग्रेजी विषयों की नवीन शिक्षण पद्धतियों से शिक्षकों को अवगत कराना था। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षण-अधिगम सामग्री, बाल केंद्रित शिक्षा, शिक्षक संदर्शिका व पाठ्यपुस्तकों के एकीकरण के प्रभावी उपयोग पर विशेष जोर दिया गया। जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार और जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र मलिक ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा करने पर बधाई दी और कक्षा-शिक्षण में प्राप्त ज्ञान को व्यवहार में लाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण से विद्यार्थियों को वास्तविक लाभ मिलेगा और निपुण हरियाणा के सपने को साकार करने में मदद मिलेगी।

### झज्जर में कल होगी जजपा की बैठक

■ बैठक की अध्यक्षता जेजेपी जिलाध्यक्ष संजय दलाल करेंगे

**बहादुरगढ़।** जजपा के हलका प्रभारी राजू दलाल व हलका अध्यक्ष संदीप अहलावत ने बताया कि रविवार 15 जून को झज्जर स्थित जजपा कार्यालय में जिले के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक होगी। सुबह 10 बजे होने वाली बैठक की अध्यक्षता जेजेपी जिलाध्यक्ष संजय दलाल करेंगे। बैठक में संगठन को नए सिरे से विस्तार देने पर चर्चा होगी। बैठक में जिला प्रभारी सुखविंद्र राठी व राष्ट्रीय सचिव बलवान सुहाग विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।

## मनोबल एवं सकारात्मक सोच सशक्त समाज का आधार : डॉ. भावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी आश्रम में शुक्रवार को मेडिटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ब्रह्माकुमारी डॉक्टर भावना बहन ने बताया कि मेडिटेशन से जहां हमारा मनोबल बढ़ता है वहीं हमारी निर्णय शक्ति भी बढ़ती है। वर्तमान समय में मन के नकारात्मक व कमजोर होने के कारण मनोबल शक्तिहीन हो चुका। जिसके कारण छोटी-छोटी परिस्थितियां तनाव पैदा कर रही हैं। अगर हम अपनी सोच को शक्तिशाली रखें तो विषम परिस्थितियां भी खेल लगने लगेगी। राजयोग मेडिटेशन के प्रयोग से मन शांत रहने लगता है, जिससे जीवन में हर कदम पर सफलता मिलती है। उन्होंने बताया कि ब्रह्माकुमारी संस्थान विगत 90 वर्षों से समाज में एकता, प्रेम, शांति, सद्भावना कायम करने के उद्देश्य से निरंतर कार्य कर रहा है। बहादुरगढ़ से आई ब्रह्माकुमारी अमृता बहन ने बताया कि राजयोग से हमारे जीवन में परिवर्तन आता है। हमारा मन शक्तिशाली बनता है। जिस तरह से शरीर के लिए भोजन आवश्यक है इसी तरह से मन को शक्तिशाली बनाने के लिए मेडिटेशन आवश्यक है। योगाचार्य डॉक्टर बलदेव ने बताया कि दवाइयों के साथ-साथ हर बीमारी को ठीक करने की हीलिंग पावर हमारे विचारों में होती है। प्रतिदिन योग द्वारा हम अपने तन को ठीक कर सकते हैं।


झज्जर। मेडिटेशन कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए अतिथि एवं अन्य। फोटो :हरिभूमि

## धरना प्रदर्शन में बढ़-चढ़ कर भाग लेंगे रिटायर्ड कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

सर्व कर्मचारी संघ द्वारा लंबित मांगों को लेकर आगामी नौ जुलाई को किए जाने वाले धरना प्रदर्शन में जिले के रिटायर्ड कर्मचारी भी उनके समर्थन में बढ़ चढ़कर भागीदारी करेंगे। रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला सचिव देवेंद्र यादव ने बताया कि वे यह फैसला उनके संघ द्वारा लिया गया है। इसके अलावा उनके संघ द्वारा आगामी पन्द्रह जुलाई को उपायुक्त कार्यालय पर धरना दिया जाएगा। इस धरने को सफल बनाने के लिए संघ के सभी ब्लॉक प्रधान व ब्लॉक सचिव आगामी बीस जून को पुराना तहसील रोड स्थित जलघर में मीटिंग करेंगे। उनकी मुख्य मांगों में मेडिकल कैशलेस सुविधा, 65 वर्ष की आयु होने पर बेसिक पे 10 प्रतिशत व 75 वर्ष की आयु होने पर 20 फीसदी की बढ़ोतरी, कर्मचारी की विधवा को एलटीसी, कम्यूटेशन के पैसे की रिकवरी पन्द्रह साल की बजाय ग्यारह साल तक की जाए। इसके अलावा सरकार में 31 दिसंबर 2025 तक जो कर्मचारी रिटायर्ड होंगे उनको आठवें वेतन आयोग में कोई भी लाभ नहीं दिया जाएगा।


बहादुरगढ़। बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते एसडीएम नसीब कुमार। फोटो :हरिभूमि

# एसडीएम की अध्यक्षता में हुई निगरानी कमेटी की बैठक

■ बैठक में 'एससी एसटी एक्ट' के तहत विभिन्न कार्यों के क्रियान्वयन, पीड़ितों को दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

लघु सचिवालय स्थित एसडीएम कार्यालय में अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1999 के अंतर्गत उपमंडल स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता एसडीएम नसीब कुमार ने की। बैठक में 'एससी एसटी एक्ट' के तहत विभिन्न कार्यों के क्रियान्वयन, पीड़ितों को दी गई सहायता राशि, पुनर्वास सुविधाएं और संबंधित मामलों की समीक्षा की गई। बैठक में कमेटी के समक्ष आए दो मामलों पर तथ्यों के आधार पर चर्चा हुई। अनुसूचित जातियों एवं पिछड़े वर्ग कल्याण विभाग की ओर से इन दो मामलों में पीड़ितों को आर्थिक सहायता दी गई। एसडीएम ने सभी अधिकारियों व उपमंडल स्तरीय विजिलेंस एवं मॉनिटरिंग कमेटी के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए उनका फीडबैक लिया। मीटिंग में यह सुनिश्चित किया गया कि एससी-एसटी एक्ट के तहत दर्ज अत्याचार के मामलों में त्वरित न्याय और सहायता प्रदान की जाए। उन्होंने अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में तहसील कल्याण अधिकारी सुमित्रा, ग्राम सचिव संदीप, पार्षद रमन यादव, पूर्व पार्षद शशि कुमार व संदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

## राज्यस्तरीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का ट्रायल 16 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिला खेल अधिकारी सतेंद्र कुमार ने बताया है कि राज्य स्तरीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता के लिए जिला झज्जर से भाग लेने वाले खिलाडियों की ट्रायल 16 जून को महर्षि दयानंद सरस्वती स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। यह ट्रायल महिला वर्ग में 45-48 किलोग्राम, 51 किलोग्राम, 54 किलोग्राम, 57 किलोग्राम, 60 किलोग्राम, 65 किलोग्राम, 70 किलोग्राम, 75 किलोग्राम, 80 किलोग्राम व 85 प्लस किलोग्राम में आयोजित की जाएंगी। वहीं पुरुष वर्ग में 47-50 किलोग्राम, 55 किलोग्राम, 60 किलोग्राम, 65 किलोग्राम, 70 किलोग्राम, 75 किलोग्राम, 80 किलोग्राम, 85 किलोग्राम, 90 किलोग्राम व 90 प्लस किलोग्राम में आयोजित की जाएंगी।

## कार की टक्कर से बाइक चालक की मौत, साथी गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पाल्हवास फ्लाईओवर पर कार की टक्कर से बाइक चालक की मौत हो गई, जबकि उसके साथ बैठा दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद कार चालक की तलाश शुरू कर दी। गुरावड़ा निवासी मोहनपाल उसी के गांव के रहने वाले फकीरचंद को बाइक पर लेकर किसी कमा से पाल्हावास जा रहा था। फ्लाईओवर पर पहुंचते ही सामने से आ रही कार ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में मोहनपाल व फकीरचंद पर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को एंबुलेंस की मदद से ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया। मोहनपाल की हालत नाजुक होने के कारण उसे पीजीआई रोहतक के लिए रेफर कर दिया।


बहादुरगढ़। जहांगीरपुर आईटीआई में छात्रों को जागरूक करते इंस्पेक्टर सतीश कुमार। फोटो :हरिभूमि

## ग्रामीणों को किया नशे और साइबर क्राइम के प्रति जागरूक

**बहादुरगढ़।** नशे और साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता लाने के मकसद से पुलिस की ओर से अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत पुलिस की ओर से जहांगीरपुर आईटीआई, माजरी, देवर खाना, लगरपुर और लुकसर आदि गांवों में कार्यक्रम किए गए। इन कार्यक्रमों के जरिये ग्रामीणों से रूबरू होते हुए उन्हें नशे के दुष्प्रभाव बताए गए। साथ ही साइबर अपराध से बचने के तरीके भी ग्रामीणों को समझाए गए। कम्युनिटी पुलिसिंग सैल के इंचार्ज इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने कहा कि नशा समाज में भयंकर बुराई है। नशे की वजह से क्राइम और दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। नशे से आर्थिक, सामाजिक, शारीरिक और मानसिक हानि होती है। नशे की लत व्यक्ति के पूरे परिवार को बिखेर देती है। हमें नशे से दूर रहना चाहिए और अपने जानकारों को भी इसके दुष्प्रभाव समझाकर उन्हें इस बुराई से दूर करने का प्रयास करना चाहिए। यदि आसपास कोई नशे का सामान बेचे तो उसकी सूचना भी पुलिस को तुरंत दें। ग्रामीणों को खेलों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि अपने बच्चों का ध्यान खेलों की तरफ करो ताकि बच्चे नशे की तरफ ध्यान न दे सकें। उधर, गांव जहांगीरपुर स्थित आईटीआई में भी पुलिस की ओर से कार्यक्रम कर बच्चों को यातायात नियमों का पालन करने को प्रेरित किया गया। साथ ही साइबर अपराध के प्रति भी जागरूक किया। एसआई सत्यप्रकाश ने कहा कि अपने खाते संबंधित जानकारी या ओटीपी किसी को न दें। साथ ही इंटरनेट का इस्तेमाल करते वक्त भी सतर्क रहें। सतर्क रहकर ही साइबर अपराध से बचा जा सकता है।

### विद्यार्थी हॉलिडे होमवर्क के लिए स्टेशनरी आइटम खरीद रहे

# स्टेशनरी की दुकानों पर बढ़ी भीड़

■ दुकानों पर विभिन्न चीजों की बिक्री 100 प्रतिशत तक बढ़ गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गर्मियों के चलते स्कूलों में छुट्टियों के दौरान शहर की स्टेशनरी दुकानों पर रौनक देखने को मिल रही है। विद्यार्थी हॉलिडे होमवर्क के लिए विभिन्न तरह के स्टेशनरी आइटम खरीद रहे हैं। चूंकि विद्यार्थियों को स्कूलों से ग्रीष्मावकाश के होमवर्क व प्रोजेक्ट मिले हुए हैं। ऐसे में इन दुकानों पर विभिन्न चीजों की बिक्री 100 प्रतिशत तक बढ़ गई है। बता दें कि इन दिनों स्टेशनरी दुकानों पर चार्ट, कलर, क्रेयोंस, पेंसिल, पेंटिंग के लिए रंग, बने बनाए मॉडल, विभिन्न तरह की तस्वीरें, कलर्ड पेपर, ग्लेज पेपर, रंगीन पेपर, ग्लिटर पेपर, फ्लोरसेंट पेपर के अलावा ग्लू व कार्ड बोर्ड जैसी चीजों की जबरदस्त बिक्री हो रही है। प्यारा सिंह एंड संस के संचालक रवि कुमार के अनुसार इस दौरान बिक्री बढ़ जाती है, क्योंकि विद्यार्थी छुट्टियों में हॉलिडे होमवर्क करते हैं। उनके मुताबिक इस दौरान हर क्लास के विद्यार्थियों की डिमांड अलग-अलग होती है और बदलते वक्त में स्टेशनरी का स्वरूप भी व्यापक हो गया है। उनके मुताबिक अब कई तरह के रेडीमेड आइटम भी लोग मंगवाते हैं। ऐसे में छुट्टियां शुरू होने के साथ ही इन चीजों की बिक्री में उछाल आ जाता है। यही कारण है कि स्टेशनरी की दुकानों पर दिनभर विद्यार्थियों व अभिभावकों का तांता लगा रहता है।


बहादुरगढ़। स्टेशनरी शॉप से सामान खरीदते विद्यार्थी व अभिभावक। फोटो :हरिभूमि

## एसओपी जारी न होने से अनुबंधित विद्युत कर्मचारियों में भारी रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ हरियाणा की जिला इकाई की बैठक जिला सचिव नीरज ढुल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य सवा लाख कर्मचारियों की जॉब सिक्योरिटी संबंधित सर्विस रूल रहा जो लगभग दस महीने बीत जाने के बाद भी प्रदेश सरकार के अधिकारी जारी नहीं कर रहे। इस कारण कर्मचारियों में रोष है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है सरकार अपने अधिकारियों की कमजोरी को छुपा रही है और सब कुछ कर्मचारी नेताओं के जिम्मे डालकर अपने आप को बचाने का प्रयास कर रही है। अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ हरियाणा की जिला टीम सरकार से दोबारा अनुरोध करती है कि समय रहते जल्द से जल्द एसओपी जारी करे अन्यथा संगठन कोई बड़ा फैसला लेने पर मजबूर होगा। बैठक में जिला उपाध्यक्ष धीरज गुलिया, चंदन, राकेश, बिजेंद्र सैनी, सुंदर, सरवन मोर सहित अन्य भी उपस्थित रहे।


झज्जर। एसओपी जारी करने की मांग को लेकर बैठक में उपस्थित विद्युत कर्मचारी।

### काम करके लौट रहे युवक का रास्ता रोककर मारपीट

**रेवाड़ी।** गांव चांदनवास के पास एक युवक ने बाइक सवार युवकों का रास्ता रोककर मारपीट कर दी। आसियाकी गौरावास निवासी हर्ष कुमार ने रोहड़ाई थाना पुलिस को बताया कि 10 जून शाम को वह अपने साथी रोहित निवासी चांदनवास के साथ कोसली गांव से एसी-फ्रीज का काम करके मोटरसाइकिल से घर आ रहा था। वे दोनों रास्ते में पार्टी करने लगे। जब वे वापस घर जा रहे थे तो रेलवे फाटक बंद था तो रोहित पास के खेत में टॉयलेट करने के लिए चला गया।

**सूचना**

मैं, अनुराधा मिश्रा (Anuradha Mishra) पत्नी संजय कुमार (Sanjay Kumar) निवासी 637/23, कुंदन सिनेमा के सामने, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करती हूं कि सभी दस्तावेजों में मेरा नाम अनुराधा मिश्रा (Anuradha Mishra) है। लेकिन पासपोर्ट नंबर-N3806156 में मेरा नाम अज्ञानता से अनुराधा (Anuradha) लिखा है। अनुराधा (Anuradha) और अनुराधा मिश्रा (Anuradha Mishra) एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे ही नाम हैं। मेरे पासपोर्ट में भी मेरा नम अनुराधा मिश्रा (Anuradha Mishra) किया जाए।

## खबर संक्षेप

### हरियाणा शूटिंग बाल चैंपियनशिप कल

**झज्जर।** शनिवार से पलवल के धतीर गांव में हरियाणा शूटिंग बॉल चैंपियनशिप का शुभारंभ होगा। एमेच्योर शूटिंग बॉल एसोसिएशन हरियाणा के बैनर तले जिला शूटिंग बॉल एसोसिएशन पलवल द्वारा 44वीं हरियाणा स्टेट शूंटिंग बाल चैंपियनशिप सीनियर, जूनियर, सब जूनियर लड़के एवं लड़कियों की टीमों का चयन 14 और 15 जून को होगा। एमेच्योर शूटिंग बॉल एसोसिएशन के प्रधान तस्वीर सिंह अहलावत ने बताया कि यह चैंपियनशिप लीग आधार पर होगी। लड़कियों की टीमों के मुकाबले सुबह नौ बजे और लड़कों की टीमों के मुकाबले शाम चार बजे से शुरू होंगे। महासचिव मनोज कुमार हुड्डा और संरक्षक जेपी कादियान ने बताया कि चयनित खिलाड़ी चैंपियनशिप में भागीदारी करेंगे।

### कॉमन एंट्रेंस टेस्ट 30 जून से 10 जुलाई तक

**झज्जर।** सेना भर्ती कार्यालय रोहतक के प्रवक्ता ने बताया कि अग्निपथ योजना तथा रेगुलर एंट्री के तहत अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर क्लर्क व स्टोर कीपर तकनीकी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर ट्रेडसमैन दसवी पास व अग्निवीर ट्रेड्समैन आठवीं पास, युवतियां अग्निवीर महिला सेना पुलिस और रेगुलर एंट्री के तहत उम्मीदवार सैनिक नर्सिंग सहायक, सिपाही फार्मा, आरटी जेसीओ, हवलदार, जेसीओ कैटरिंग और हवलदार एजुकेशन के पद पर कॉमन इंट्रेंस परीक्षा का आयोजन विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर 30 जून से 10 जुलाई तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी उम्मीदवारों के सीईसी एडमिट कार्ड वेबसाइट से डाउनलोड करें। उन्होंने बताया कि एडमिट कार्ड परीक्षा आयोजित होने से 14 दिन पहले अपलोड किए जाएंगे।

### सैनी ने मोदी कार्यकाल का किया बखान

**बहादुरगढ़।** भाजपा के मंडल अध्यक्ष संजय सैनी ने हांसी में विधायक विनोद भयाना, जिलाध्यक्ष अशोक सैनी व जिला विस्तारक डॉ सतबीर मलिक के साथ कार्यक्रम में शिरकत की। संजय सैनी ने मोदी सरकार के 11 वर्षों को विकसित भारत का अमृत काल, सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण का दौर बताया। बीते 11 वर्षों में मोदी सरकार ने आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव रखी है। वैश्विक मंच पर सशक्त राष्ट्र की पहचान बनाई है। कांग्रेस के समय से चली आ रही तुष्टिकरण की राजनीति को बंद किया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रहित में ऐतिहासिक और निर्णायक फैसले लिए हैं। आंकड़े बताते हैं कि मोदी सरकार में 27 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी रेखा से बाहर आ गए हैं। लोगों के बैंक खातों में योजनाओं का लाभ सीधा पहुंच रहा है। मोदी के दिखाए मार्ग पर चलते हुए हरियाणा की नायब सरकार तीन गुणा गति से प्रदेश के विकास में जुटी है।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां जोरों पर, अधिकारियों ने किया योग का अभयास

## अधिक से अधिक लोगों को योग से जोड़ें



झज्जर। लघु सचिवालय परिसर में योगाभ्यास करते हुए अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

- प्रतिभागियों को योग प्रोटोकॉल के अनुरूप विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान तकनीकों का अभ्यास करवाया गया

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां जोरों पर चल रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार सुबह लघु सचिवालय परिसर में एक योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग प्रशिक्षक आचार्य बलदेव द्वारा शिविर में प्रतिभागियों को योग प्रोटोकॉल के अनुरूप विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान तकनीकों का अभ्यास करवाया गया। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों ने योगाभ्यास के महत्व को आत्मसात करते हुए नियमित अभ्यास का संकल्प भी लिया। सीटीएम रविंद्र मलिक ने कहा कि जिले में विभिन्न स्थानों पर योग प्रोटोकॉल अभ्यास शिविरों का आयोजन किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक लोग योग से जुड़ सकें और इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना सकें।

## विद्यार्थियों ने योगाभ्यास के उपरांत किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

अंतर राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हसनपुर के विद्यार्थियों को योगाभ्यास के साथ-साथ उन्हें पर्यावरण सरंक्षण के लिए भी जागरुक किया गया। योग सहायक नवीन कायत ने इस दौरान जहां विद्यार्थियों को विभिन्न योग एवं प्राणायामों की जानकारी देते हुए उनका अभ्यास करया वहीं उनसे प्रकृति से जुड़ने का भी आह्वान किया। योगाभ्यास के उपरांत उन्होंने विद्यार्थियों के साथ विद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया। इस मौके पर कोच रामेहर सिंह व पूर्व सैनिक दीवान सिंह ने भी विद्यार्थियों को पौधारोपण के महत्व से अवगत कराया।



झज्जर। योगाभ्यास के बाद विद्यार्थियों के साथ पौधारोपण करते हुए योग सहायक नवीन कायत। फोटो : हरिभूमि

## राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में योग ध्यान शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

- प्रकृति और मनुष्य का आंतरिक जुड़ाव : दहिया

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बहादुरगढ़ में रोहतक की हर्ट वेलनेस संस्था ने योग ध्यान शिविर का आयोजन किया।

रामकुमार दहिया ने स्वामी विवेकानंद के विचारों से अवगत कराया। उन्होंने शरीर और आत्मा में सामंजस्य के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि प्रकृति और मनुष्य का आंतरिक जुड़ाव हैं। कुलदीप नरवाल ने ध्यान योग की विभिन्न विधियों का अभ्यास करवाया। प्रधानाचार्या गीता आर सिंह ने प्रशिक्षुओं को विचारों को शुद्ध करने के लिए प्रेरित किया। शिविर में वर्ग अनुदेशक उमा, देवेंद्र नरवाल, तरसपाल व नरेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

## परिचित बनकर मेडिकल इमरजेंसी के नाम पर ट्रांसफर कराए 94 हजार

- युवक की ट्रांजेक्शन लिमिट खत्म नहीं होती तो हो सकती थी बड़ी ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

गांव बिलोचपुरा के युवक से किसी परिचित की आवाज बनाकर मेडिकल एमरजेंसी बताते हुए शातिर ठगों ने 94 हजार रुपये ठग लिए। यह तो गणीमत रहा कि युवक की ट्राजेक्शन लिमिट खत्म हो गई अन्यथा यह राशि और अधिक बड़ी हो सकती थी। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित युवक ने बताया कि उसके पास बीती पांच जून को एक मोबाइल से फोन आया। उसने स्वयं को गांव के स्कूल का शिक्षक बताते हुए कहा कि एक मेडिकल एमरजेंसी में रिश्तेदार की हालत गंभीर है और उसे रुपयों की आवश्यकता है। इसके उसने अलग-अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से 94 हजार रुपये ट्रासंफर करा लिए। इससे पहले उसे धोखाधडी का अंदेशा होता इससे पहले शातिरों द्वारा व्हाट्सअप पर भेजे गए बार कोड भी डिलीट कर दिए गए। इसके बाद उसे दस हजार रुपये ट्रांसफर करने को कहा गया जो उसकी एक लाख तक की लिमिट होने के कारण वह ट्रांजक्शन नहीं हो पाई। इसके बाद उसने साइबर पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराई।

### ट्रेडिंग फ्रॉड से बचने के लिए जागरूकता जरूरी

**बहादुरगढ़।** ट्रेडिंग व इन्वेस्टमेंट के नाम पर ठगी के मामलों में तेज से बढ़ोतरी हो रही है। साइबर व ट्रेडिंग एक्सपर्ट्स की मानें तो बिना कुछ सीखे जल्द रुपये कमाने की चाह तथा जागरूकता का अभाव इन वारदातों की बड़ी वजह है। इस कारण लोग अपनी पूंजी गंवा रहे हैं। जागरूकता के जरिये ही इन वारदातों और नुकसान से बचा जा सकता है। साइबर एक्सपर्ट एसआई सतबीर सिंह ने कहा कि पुलिस वारदातों को सुलझा सकती है और लोगों को समझा सकती है लेकिन वारदातों पर अंकुश तभी लग सकता है, जब लोग सतर्क व जागरूक रहेंगे। लालच से नुकसान होना स्वभाविक है। उन्होंने कहा कि आजकल हर कोई शख्स ट्रेडिंग के पीछे भाग रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर बार बार विज्ञापन आते हैं। जिन्हें देखकर युवा प्रभावित होते हैं। साइबर ठग भी इस बात को समझते हैं और ऐसे लोगों को चंगुल में फंसाने के लिए आए दिन व्हाट्सएप, टेलीग्राम सहित अन्य प्लेटफार्म पर जाल फेंकते हैं। ये अपने ग्रुप बनाकर उनमें लोगों को शामिल करते हैं। ट्रेडिंग के लिए खुद की ही एप डाउनलोड कराते हैं। शुरुआत में थोड़े पैसे लगवाकर हल्का मुनाफा देते हैं। बाद में उनसे रुपये बढ़ाकर मांगते हैं। लोग पहले कमाने की चाह में रुपये लगाते हैं और फिर रुपये वापस पाने के लिए आगे भी राशि लगाकर पूरी तरह से जाल में उलझ जाते हैं।

## नहरों की पुलियों की सफाई और मरम्मत कार्य पूरा करने के निर्देश



झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

- सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें
- तत्काल कार्य शुरू कर मानसून से पूर्व पूराकरें

जिले में आगामी मानसून सीजन को देखते हुए जरूरी तैयारियों को लेकर डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिंचाई विभाग, पीडब्ल्यूडी और एनएचएआई के अधिकारी उपस्थित रहे।

डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य एवं राष्ट्रीय राजमार्गों सहित अन्य प्रमुख मार्गों पर स्थित नहरों की पुलिया की जल्द से जल्द सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जहां-जहां मरम्मत की आवश्यकता हो, वहां तत्काल कार्य शुरू कर उसे मानसून से पूर्व पूरा कर लिया जाए ताकि पुलिया के नीचे गाद एकत्रित होने से जल निकासी में किसी प्रकार की बाधा ना हो और पानी का बहाव सही रहे। उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान पुल और नहरें सुचारू रूप से काम करें, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।

## एथेनाल प्लांट के विरोध में लघु सचिवालय पहुंचे गांव गोरिया के ग्रामीण, ज्ञापन सौंपा

- सरसों की तूड़ी, पदाड़ी से बिकेट और पिलेट बनाने संबंधी प्लांट लगाने की योजना के नाम पर खरीदी थी जमीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



झज्जर। लघुसचिवालय परिसर में उपायुक्त से मिलने पहुंचे ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

जिले के झाड़ली गांव क्षेत्र में करीब 15 एकड़ में लगने वाले एथेनाल प्लांट के विरोध में शुक्रवार को ग्राम पंचायत गोरिया के साथ निकटवर्ती गांवों से लोग लघु सचिवालय पहुंचे। ग्रामीणों ने इस प्लांट का विरोध जताते प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणों ने बताया कि उनके यहां इस क्षेत्र में सरसों की तूड़ी, पदाड़ी से बिकेट और पिलेट बनाने संबंधी प्लांट लगाने की योजना के नाम पर जमीन खरीदी थी लेकिन अब इसी जमीन पर यह एथेनाल प्लांट लगाने की योजना को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले ही उनके क्षेत्र में जल और प्रदूषण से त्रस्त होकर ग्रामीण पलायन कर रहे हैं। उनके क्षेत्र में पॉवर प्लांट और सीमेंट की छोटी-छोटी फैक्ट्रियों से फैल रहे प्रदूषण से आमजन का जीवन जीना दूभर हो रहा है। उपायुक्त से मिलकर ग्रामीणों ने इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग कि प्रस्तावित प्लांट की प्रक्रिया को निरस्त करते हुए करीब सात हजार की आबादी वाले इस गांव उजड़ने से बचाया जाए।

## हिसार में छात्रों पर हमले की निंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

- वर्तमान सरकार में हक की आवाज को दबाना आम बात हो गई: राजेंद्र सिंह

एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के राज्य सचिव कॉमरेड राजेंद्र सिंह एडवोकेट तथा सचिव मंडल सदस्य अनूप सिंह मातनहेल ने हिसार कृषि विश्विद्यालय में छात्रों पर सुरक्षा कर्मियों द्वारा किए गए बर्बर लाठी चार्ज की सख्त निंदा की है।

साथ ही दोषियों को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार में हक की आवाज को दबाना आम बात हो गई है। यह लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। उन्होंने सरकार से दोषी सुरक्षा कर्मियों को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की है। साथ ही कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनर्रावृति नहीं होनी चाहिए। राज्य सचिव कॉमरेड राजेंद्र सिंह एडवोकेट ने कहा कि अपने बात उठाने का सबको अधिकार है।

## देश सभी क्षेत्र में समृद्ध व मजबूत हुआः डॉ पंकज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



- मोदी सरकार में उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, जन धन योजना से सबकों हुआ है लाभ :डॉ पंकज जैन

भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ पंकज जैन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल को ऐतिहासिक करार दिया है। डॉ पंकज जैन ने कहा कि मोदी सरकार के बीते 11 वर्षों में सरकार ने जनकल्याण, पारदर्शिता, राष्ट्रहित और साहसिक फैसलों की एक लंबी श्रृंखला से भारत को वैश्विक मंच पर एक सशक्त, सक्षम और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है। मोदी सरकार में उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, जन धन योजना, किसान सम्मान निधि, स्वच्छ भारत अभियान, आयुष्मान भारत, गरीब कल्याण अन्न योजना जैसी योजनाओं से देश के हर वर्ग का विकास हुआ है।

ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से सेना ने पाकिस्तान को करारा सबक सिखाया। मोदी सरकार ने आंतकवाद को समाप्त करने के लिए सेना को पूर्ण रूप से छूट दे रखी है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।



तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## सरकारी ब्लड बैंक का अभाव निजी ब्लड बैंकों से हो रही पूर्ति

- जरूरतमंदों को रक्त देने में सहायक बना एक्टिव रक्तदाता व्हाट्सएप ग्रुप



- बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल की क्षमता 100 बेड से बढ़ाकर 200 बेड करने का काम कई सालों से चल रहा
- उपमंडल का सबसे बड़ा अस्पताल एक अदद ब्लड बैंक को तरस रहा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

हरियाणा सरकार के चिकित्सा विभाग द्वारा बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल की क्षमता 100 बेड से बढ़ाकर 200 बेड करने का काम बीते कई सालों से चल रहा है। हालांकि उपमंडल का सबसे बड़ा अस्पताल एक अदद ब्लड बैंक को तरस रहा है। बहादुरगढ़ में ब्लड बैंक की स्थापना को लेकर कई सामाजिक संगठनों ने करीब 8 साल पहले खूब जोर लगाया था। लेकिन यह प्रयास भी राजनीति की भेंट चढ़ गए। नागरिक अस्पताल में ब्लड बैंक बनाने की प्रक्रिया कई सालों से चल रही है, लेकिन अब तक यह सिरे नहीं चढ़ पाई है। ऐसे में ब्रह्मशक्ति संजीवनी अस्पताल, आरजे अस्पताल और जेजे हॉस्पिटल के ब्लड बैंक ही जरूरतमंदों के लिए जीवनदायी सिद्ध हो रहे हैं।

शहर में एक्टिव रक्तदाता व्हाट्सएप ग्रुप भी सरकारी ब्लड बैंक की कमी को पूरा करने का सार्थक प्रयास कर रहा है। बता दें कि बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में पहले 100 बेड की क्षमता थी। अब इसे बढ़ाकर 200 बेड का अस्पताल बना दिया गया। हालांकि यह काम करीब 3 साल से ठप पड़ा है। यहां ब्लड बैंक का प्रपोजल तो बना, लेकिन केवल स्टोरेज की व्यवस्था ही शुरू हो पाई। रक्त को जरूरत अनुसार झज्जर ब्लड बैंक से मंगवाया जाता है। बहादुरगढ़ में तीन निजी अस्पतालों में भी ब्लड बैंक चलाए जा रहे हैं। बहादुरगढ़ में ब्रह्मशक्ति संजीवनी अस्पताल और जीवन ज्योति अस्पताल के अलावा आरजे अस्पताल में आशीर्वाद ब्लड बैंक का संचालन हो रहा है। यहां से हर महीने सैकड़ों यूनिट रक्त जरूरतमंदों को उपलब्ध करवाया जाता है। सरकारी अस्ताल में ब्लड बैंक न होने की वजह से जरूरत पड़ने पर गंभीर व अति गंभीर मरीजों को रोहतक व दिल्ली रेफर कर दिया जाता है। जरूरतमंदों की जान बचाने के लिए बहादुरगढ़ के युवाओं ने 'बहादुरगढ़ रक्तदाता ग्रुप' के नाम से व्हाट्सएप पर ग्रुप बना रखे हैं, जिनमें पांच सौ से अधिक सक्रिय सदस्य हैं। रमन शर्मा ने बताया कि इन ग्रुप्स में प्रोफेशनल्स, सामाजिक कार्यकर्ता, सरकारी कर्मचारी, उद्योगपति व व्यवसायी शामिल हैं। ग्रुप के युवा सदस्यों में मानव सेवा का अनोखा जज्बा है जैसे ही किसी ग्रुप के ब्लड की डिमांड मिलती है, हर सदस्य एक्शन में आ जाता है। जरूरत पड़ने पर युवा दिल्ली व गुरुग्राम में भी ब्लड डोनेट करने पहुंच जाते हैं।




झज्जर। समीक्षा बैठक में उपस्थित एडीसी जगनिवास व सीटीएम रविंद्र मलिक। फोटो : हरिभूमि

## समाधान शिविरों में जिले का प्रदर्शन सराहनीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

- मुख्यमंत्री कार्यालय ने समाधान शिविर की वीसी के माध्यम से समीक्षा की
- समाधान शिविरों में अब तक प्राप्त हो चुकी हैं 4491 शिकायतें, केवल 97 लंबित

शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा समाधान शिविर की वीसी के माध्यम से साप्ताहिक समीक्षा की गई। जिसमें जिले का प्रदर्शन सराहनीय रहा है। समीक्षा बैठक में एडीसी जगनिवास ने जिले में समाधान शिविरों के माध्यम से प्राप्त हो रही जन समस्याओं और उनके निवारण की जानकारी दी।

### शिविरों का प्रचार-प्रसार करें

उन्होंने बताया कि समाधान शिविरों में 4491 शिकायतें प्राप्त हो चुकी हैं, जबकि केवल 97 शिकायतें लंबित है, जिनके समाधान की प्रक्रिया जारी है व अन्य शिकायतों पर नियमानुसार एक्शन लिया गया है। वीसी उपरांत एडीसी ने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय ने समाधान शिविरों के प्रति आमजन की जागरूकता को और अधिक बढ़ाने और सभी विभागों को निर्देश दिए गए। सभी विभाग अपने स्तर पर शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में इन शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार करें ताकि अधिक से अधिक लोग इनका लाभ उठा सकें।